O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Period Test- I (2023– 2024)

Class : V **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1Hrs.**

Name: ____________ Roll No.:__________

***General Instructions:** All questions are compulsory.*

प्र01 गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×4=4)

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को घुड़सवारी के साथ–साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी। एक बार घोड़ों का एक व्यापारी रानी के दरबार में आया। उसके पास एक जैसे दिखने वाले दो घोड़े थे। उसे विश्वास था कि रानी दोनों घोड़ों का एक दाम लगाएँगी। मगर रानी ने कुछ देर देखने के पश्चात् एक घोड़े का दाम एक हजार रूपये और दूसरे घोड़े का दाम मा़त्र पचास रूपये लगाया। व्यापारी ने आश्चर्यचकित होकर रानी से पूछा,"रानी जी, दोनों घोड़ों की शक्ल,रंग, कद काठी में कोई फ़र्क नहीं है, फिर भी आपने दाम में फर्क क्यों कर दिया ? रानी ने कहा," जिस घोड़े का दाम मैंने एक हजार रूपये लगाया है, वह उत्तम कोटि का स्वस्थ घोड़ा है और जिस घोड़े का दाम मैंने पचास रूपये लगाया है, वह किसी रोग का शिकार है और उसकी उम्र भी कम है।"रानी की सूझ–बूझ और बुद्धिमानी को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ।"

क– व्यापारी क्या लेकर दरबार में आया था ?

अ	घोड़ा	ब	दो घोड़े
स	दो घोड़ियाँ	द	दो समान घोड़े

ख– रानी ने दूसरे घोड़े का क्या दाम लगाया ?

अ	पच्चीस रूपये	ब	पचास रूपये
स	पचपन रूपये	द	पचहत्तर रूपये

ग–पहले घोड़े में क्या खास बात थी ?

अ	निम्न कोटि का स्वस्थ घोड़ा	ब	उच्च कोटि का अस्वस्थ घोड़ा
स	उच्च कोटि का स्वस्थ घोड़ा	द	उत्तम कोटि का स्वस्थ घोड़ा

घ–गद्यांश के लिए उचित शीर्षक छाँटिए–

अ	दो घोड़े	ब	घोड़े की सूझ–बूझ
स	रानी की सूझ–बूझ	द	घुड़सवार रानी

प्र02 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए— (1×4=4)

क— किसका उच्चारण करते समय ध्वनि नाक और मुँह दोनों से निकलती है?

अ अनुस्वार ब अनुनासिक

स विसर्ग द व्यंजन

ख— किन स्वरों को बोलने में हस्व स्वरों के उच्चारण से दुगुना समय लगता है ?

अ हस्व स्वर ब दीर्घ स्वर

स प्लुत स्वर द इनमें से कोई नही

ग—निम्न में से व्यक्तिवाचक का उदाहरण पृथक कीजिए।

अ पुस्तक ब गाय

ग बुराई द मोहन

घ—इनमें में से भाववाचक संज्ञा उदाहरण पृथक कीजिए?

अ मिलान ब मिलावट

स मिलन द मिलाई

प्र03 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए— (1×2=2)

क— ''मैं नौ हाथ लंबी राख की रस्सी तो मैं बना दूँगी। मगर तुम्हारे पिता को उसे गले में पहनना पड़ेगा''यह कथन किसने कहा—

अ लोनपो गार के बेटे ने ब मंत्री ने

स लड़की ने द लोनपो गार ने

ख— संथाल लोग मकर संक्रांति का पर्व कब मनाते है?

अ फरवरी—मार्च ब मार्च—अप्रैल

स अप्रैल—मई द मई—जून

प्र04 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— (2×3=6)

क लोनपो गार किस लिए मशूहर थे ?

ख लोनपो गार कौन थे ?

ग लोनपो गार ने अपने बेटे को सौ भेड़े देते हुए क्या कहा था ?

प्र05 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— (2×2=4)

क फसलों से जुड़े किन्हीं चार त्योहार के नाम लिखिए।

ख 'फसलों से जुड़े त्योहार पाठ में दादी के सफेद बालों की तुलना किससे की गई ?

———00———